3 शब्द और वाक्य

उचित विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाइए–

1. वाक्य मेल है–
   (i) वर्णों का ☐ (ii) शब्दों का ☐ (iii) दोनों का ☐
2. शब्द बनते हैं–
   (i) ध्वनि से ☐ (ii) वर्णों से ☐ (iii) दोनों में से कोई नहीं ☐
3. वाक्य के अंग हैं–
   (i) एक ☐ (ii) दो ☐ (iii) तीन ☐
4. वाक्य में उद्देश्य के बारे में जो कुछ कहते हैं, वह है–
   (i) उद्देश्य ☐ (ii) विधेय ☐ (iii) वाक्य ☐
5. वाक्य में जिसके बारे में बात होती है, वह है–
   (i) उद्देश्य ☐ (ii) वाक्य ☐ (iii) विधेय ☐

रिक्त स्थान भरिए–

1. अर्थ के आधार पर _____ दो प्रकार के होते हैं।
2. शब्दों का _____ मेल वाक्य कहलाता है।
3. 'हिरन दौड़ रहा है।' वाक्य में _____ उद्देश्य है।
4. उद्देश्य के बारे में जो कुछ कहा जाता है, उसे _____ कहते हैं।

दिए गए कथनों में सही के लिए (✓) तथा गलत के लिए (✗) का चिह्न लगाइए–

1. सार्थक शब्दों के मेल से बना वाक्य संपूर्ण अर्थ प्रकट करता है। ☐
2. उद्देश्य के बिना वाक्य पूरा अर्थ प्रदान करता है। ☐
3. शब्दों के बिना भाषा सम्भव है। ☐

दिए गए वर्णों से सार्थक शब्द बनाइए–

1. य को ल – _____
2. नी हा क – _____
3. ता तो – _____
4. ड़ पे – _____
5. की ड़ ल – _____
6. र्सी कु – _____
7. ली छ म – _____
8. ड़ क स – _____
9. या त कि – _____

दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए–

1. है रहा बच्चा रो – _____
2. फलों है आम का राजा – _____
3. है खेती किसान करता – _____
4. नाचता वर्षा मोर ऋतु है में – _____
5. सात हैं रंग में इंद्रधनुष – _____

नीचे दिए गए वाक्यों में उद्देश्य रेखांकित कीजिए–

1. केंचुआ किसान का मित्र होता है।
2. आसमान में पक्षी उड़ रहे हैं।
3. हिरण दौड़ रहा है।
4. माताजी गुड़िया को दूध पिला रही हैं।
5. बच्चे तैर रहे हैं।

LIVEWORKSHEETS